Estd : 1958 Regd. 144/1983-84

# BIHAR MATHEMATICAL SOCIETY

Convener Cum Executive Joint Secretary
Bihar Mathematical Society

www.bmsbihar.org
bmshelplinedesk@gmail.com

Dr. Vijay Kumar
PG. Dept. of Mathematics
College of Commerce, Arts & Science Patna
(Bihar Education Service)

Letter No. Date ........................

## टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंस 2023 प्रतियोगिता परीक्षा

**कार्यक्रम विवरणी-**

बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के तत्वावधान मे सभी जिलो में टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंस (TSTMS) 2023 प्रतियोगिता परीक्षा को आयोजित किया जाना है। यह प्रतियोगिता परीक्षा (जूनियर) कक्षा 6 से 12 एवं सीनियर (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) के छात्रों के लिए आयोजित किया जाना है।

**1.उद्देश्य** -इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में गणित के प्रतिभा को पहचानना, सोचने और सीखने के लिए रुचि पैदा करना, गणित के प्रति भय को दूर करना एवं उन्हे इन्स्ट्रक्शनल स्कूल फॉर मैथमैटिकल साइंसेस (ISMS)-2024 के तहत प्रशिक्षण दिया जाना है।

**2.परीक्षा पैटर्न**- यह प्रतियोगिता परीक्षा पूर्ण रूप से ऑफलाइन/ ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता परीक्षा बहुविकल्पीय प्रकार के कुल 25 प्रश्न, 100 अंक एवं समय सीमा 60 मिनट निर्धारित किया गया है। प्रश्न पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेंगे।

**3.परीक्षा शुल्क**-इस प्रतियोगिता परीक्षा में आवेदन करने में किसी प्रकार का शुल्क निर्धारित नहीं है।

**4.योग्यता-** इस प्रतियोगिता परीक्षा में प्रतिभागिता हेतु वर्तमान 2023 में छात्र-छात्राओं का कक्षा 6 से 12 एवं स्नातक/ स्नातकोत्तर में अध्ययनरत होना अनिवार्य है। आवेदक कक्षा 6 से 12 एवं स्नातक/ स्नातकोत्तर में से केवल एक के लिए ही आवेदन कर सकते हैं। सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों/ महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित हों सकते हैं।

**5.पंजीकरण की प्रक्रिया-** इस प्रतियोगिता परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 29 जनवरी 2024 किया गया है। ऑनलाइन आवेदन बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के वेबसाइट www.bmsbihar.org पर किया सकता है।

**6.प्रवेश पत्र-** छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने हेतु अपना प्रवेश पत्र बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के वेबसाइट www.bmsbihar.org से डाउनलोड कर सकते हैं।

**7.सिलेबस एवं विगत वर्ष प्रश्न पत्र-** प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम एवं विगत वर्ष में पूछे गए प्रश्न पत्र तथा परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के वेबसाइट www.bmsbihar.org पर उपलब्ध है।

**8.परीक्षा केंद्र-**राज्य के सभी जिलों के नामित केंद्र किया जाएगा। विशेष परिस्थिति में परीक्षाएं ऑनलाइन भी आयोजित की जा सकती है।

**9.परीक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण**

- ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि :-17 फरवरी 2024
- प्रतियोगिता परीक्षा की तिथि :- बाद में घोषित की जाएगी
- प्रवेश पत्र प्राप्त करने की तिथि :- बाद में घोषित की जाएगी
- परिणाम प्रकाशन की तिथि :- बाद में घोषित की जाएगी

- प्रशिक्षण की तिथि :- 1 जून से 10 जून 2024

**10.परीक्षा का तिथि एवं समय-** ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के उपरांत प्रतियोगिता परीक्षा **की** तिथि घोषित की जाएगी।

**11. चयन होने वाले छात्रों की संख्या** -

**जूनियर** वर्ग- इस वर्ग 6 से 12 से राज्य स्तर पर 38 जिलों से 1253 छात्रों का चयन का चयन किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय, तृतीय,चतुर्थ, पंचम, छठे एवं सातवें स्थान प्राप्त करने वाले मेरिट लिस्ट से छात्रों का चयन किया जाएगा।

**चयन होने वाले छात्र** का **विवरण**

- राज्य स्तर पर छात्रों का चयन 3@7 छात्रों = 21 छात्र
- 10 प्रखंड के 11 जिला से 11@ 21 छात्रों = 231 छात्र
- 11-20 प्रखंड के 23 जिला से 23@35 छात्रों = 805 छात्र
- 21-27 प्रखंड के 4 जिला से 4 @49 छात्रों = 196 छात्र

**कुल छात्रों की संख्यात्र 1253 छात्र**

**सीनियर** वर्ग-इस वर्ग के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय स्तर पर 286 छात्रों का चयन किया जाएगा। प्रत्येक विश्वविद्यालय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रथम से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले मेरिट लिस्ट से छात्रों को चयन किया जाना है। चयनित विजेताओं को सत्यापन महाविद्यालयों के प्राचार्य के माध्यम से किया जाएगा। चयनित छात्रों को पहचान पत्र भी लाना अनिवार्य होगा।

**चयन होने वाले छात्र** का **विवरण** :

- राज्य स्तर पर छात्रों का चयन 2@3 छात्रों = 06 छात्र
- 12 विश्वविद्यालय से 20 @ 14 छात्रों = 280 छात्र
- **कुल छात्रों की संख्या 286 छात्र**

**12.पुरस्कार वितरण**- इस प्रतियोगिता परीक्षा में सभी चयनित छात्रों को राज्य एवं जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाना है। इसमें जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 12 के कुल 1253 छात्र एवं सीनियर वर्ग मे स्नातक एवं स्नातकोत्तर में कुल 286 छात्रों को सम्मानित किया जाना है।

**13. ISMS 2024-** इंस्ट्रक्शन स्कूल फॉर मैथमैटिकल साइंसेस (ISMS) के तहत टैलेंट सर्च इन मैथमैटिकल साइंसेज 2023 के चयनित छात्रों को 01 जून से 30 जून 2024 तक आईआईटी एवं देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाना है।

**14. SRTSTM 2022**- श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंस (SRTSTM) 2022 प्रतियोगिता परीक्षा बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग, बिहार सरकार,पटना एवं बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित छात्रों को राष्ट्रीय गणित दिवस 2022 के अवसर पर ज्ञान भवन, पटना एवं सभी अभियंत्रण महाविद्यालय बिहार में लैपटॉप, नकद पुरस्कार, मेडल एवं सर्टिफिकेट के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**15. ISMS 2023-** इंस्ट्रक्शन स्कूल फॉर मैथमैटिकल साइंसेस (ISMS) 2023 के तहत श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंस 2022 के प्रतियोगिता परीक्षा में सभी चयनित छात्रों को 10 जून से 15 जुलाई 2023 की अवधि में कक्षा 6 से 12 के 1423 छात्रों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना में 30 दोनों का प्रशिक्षण दिया गया। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान कर बिहार मैथमेटिकल सोसायटी

के संयुक्त तत्वाधान में कक्षा 6 से 12 के 1423 छात्रों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना में 30 प्रशिक्षण दिया गया।

**16.कार्यक्रम सहयोगी संस्था** –

- निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक 285 दिनांक 28.11.2023
- निदेशक, निदेशक प्राथमिक शिक्षा, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक दिनांक
- निदेशक, उच्च शिक्षा, बिहार सरकार के पत्रांक 414 दिनांक 17.11.2023
- क्षेत्रीय अधिकारी, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के बिहार जोन के पत्रांक 11 दिनांक 22 दिसंबर 2023
- उपायुक्त, जवाहर नवोदय विद्यालय संगठन बिहार के पत्रांक 9403 दिनांक 13.12.2023
- उपायुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन बिहार जोन के पत्रांक 32655-709 दिनांक 18.12.2023
- महासचिव, बिहार राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, जमाल रोड पटना के पत्रांक 172 दिनांक 26.11.2023
- क्षेत्रीय सचिव, विद्या भारती बिहार जोन के पत्रांक VBB/PAT/72/2023-24 दिनांक 02.12.2023
- राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय प्राइवेट स्कूल एवं चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी के पत्रांक 2091/786/23 दिनांक 22.11.2023
- सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी, डी.ए.वी पब्लिक स्कूल बिहार जोन के के पत्रांक 766 दिनांक 16.12.2023
- सभी जिला पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव
- बिहार टीचर हिस्ट्री मेकर्स

उपर्युक्त पदाधिकारी, संस्थाओं एवं शिक्षकों के माध्यम से टैलेंट सर्च ऑन टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंसेज 2023 में छात्र एवं छात्राओं को अधिक से अधिक भागीदारी हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान के लिए पत्र निर्गत किया गया है।

**17.बिहार मैथमेटिकल सोसायटी -** बिहार मैथमेटिकल सोसायटी की स्थापना 1958 में की गई थी। इस सोसाइटी का उद्देश्य शोध, अनुसंधान, सेमिनार, कार्यशाला, कॉन्फ्रेंस,जर्नल प्रकाशन एवं ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा आदि के माध्यम से छात्रों में गणित के प्रतिभा को पहचानना एवं अभिरुचि पैदा करना है। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक गतिविधि को अभिवृद्धि हेतु समान विचारधाराओं वाले सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर विविध प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करती है। बिहार मैथमेटिकल सोसायटी वर्ष 1993 से विद्यालय के छात्रों के लिए टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

**18.कार्यक्रम संयोजक** -इस कार्यक्रम के संबंध मे विशेष जानकारी डॉ विजय कुमार, संयोजक सह कार्यकारी संयुक्त सचिव बिहार मैथमेटिकल सोसायटी सह गणित विभाग कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स, आर्ट्स एण्ड साइंस, पटना से प्राप्त किया जा सकता है।

**19.प्रचार-प्रसार**- इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से कराया जाए। सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से विद्यालय के अधिक से अधिक संख्या मेछात्रों को भाग लेने के लिए आवश्यक कारवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

डॉ विजय कुमार
संयोजक सह कार्यकारी संयुक्त सचिव
बिहार मैथमेटिकल सोसायटी सह
विभागाध्यक्ष,गणित विभाग
कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स,आर्ट्स एण्ड साइंस, पटना

E Mail-bmshelplinedesk@gmail.com